# प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र
## 2024–25
## समाजशास्त्र (सैद्वान्तिक)

समय :3 घण्टे पूर्णांक :80

निर्देशः (i) इस प्रश्न पत्र में कुल 29 प्रश्न हैं सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न के प्रत्येक खंड के उत्तर में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

(v) प्रश्न संख्या 8 से 17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या 18 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न संख्या 26 से 28 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

viii) प्रश्न संख्या 29 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

(xi) इस प्रश्न पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

1.

(क) निम्नांकित में से कौन सी एक दशा भारत में जनसंख्या वृद्वि का कारण नहीं है? 1

(i) निम्न जीवन स्तर (ii) संयुक्त परिवार व्यवस्था

(iii) ग्रामीण अर्थव्यवस्था (iv) स्थान परिवर्तन की प्रवृत्ति

(ख) ग्रामीण समुदाय में किन परम्पराओं का महत्व अधिक होता है ? 1

(i) वृहद् परम्पराओं का (ii) धार्मिक परम्पराओं का

(iii) स्थानीय परम्पराओं का ((iv) वंश परम्पराओं का

(ग) भारत में नातेदारी व्यवस्था के अध्ययन में प्रमुख योगदान किसने किया ? 1

(i) एम0एन0 श्रीनिवास (ii) एस0सी0 दुबे

(iii) योगेन्द्र सिंह (iv) इरावती कर्वे

(घ) भारत में मंडल आयोग की नियुक्ति की गई– 1

(i) सन् 1956में (ii) सन् 1972में

(iii) सन् 1966में (iv) सन् 1979में

(ड.) संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत अस्पृश्यता को अपराध घोषित किया गया ? 1

(i) अनुच्छेद 14 (ii) अनुच्छेद 15

(iii) अनुच्छेद 16 (iv) अनुच्छेद 17

(च) पश्चिमीकरण को किस तरह की अवधारणा माना जाता है? 1

(i) क्षेत्रीय अवधारणा (ii) तटस्थ अवधारणा

(iii)यूरोपीय अवधारणा (iv) भौतिक अवधारणा

(छ) भारत में हरित क्रांति के फलस्वरूप किस खाद्यान्न के उत्पादन में सबसे अधिक वृद्वि हुई ?1

(i) धान (ii) गेहूं

(iii) गन्ना (iv) दालें

(ज) प्रबल जाति की अवधारणा के प्रतिपादक कौन हैं? 1

(i)एम0एन0 श्रीनिवास (ii) जी0एस0 घुरिये

(iii) लेविस कोजर (iv) के0एन0 शर्मा

निर्देशः प्रश्न संख्या 1 के अगले दो खण्डों में दो कथनों को अभिकथन तथा कारण के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

A तथा R दोनों सही हैं तथा की व्याख्या करता है।

A तथा R दोनों सही हैं परन्तु की सही व्याख्या नहीं करता है

A सही है परन्तु R गलत है।

A तथा R दोनों गलत हैं।

(झ) अभिकथन A: लोग अक्सर अपने काम का अंतिम परिणाम नहीं देख पाते क्योंकि वे उत्पाद का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही बना रहे होते हैं। 1

कारण R : औद्योगीकरण में श्रम का विस्तृत विभाजन शामिल होता है जहां लोग काम का आनन्द नहीं लेते है तथा इसे केवल जीवित रहने के लिए किया जाने वाला कार्य मानते हैं।

(ञ) अभिकथन A : साक्षरता दर में असमानताएं विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे पीढ़ियों में असमानता को पुनरूत्पादित करती हैं। 1

कारण R : साक्षरता दर सामाजिक समूह के अनुसार भी भिन्न होती है अनुसूचित जातियों और जन जातियों जैसे एतिहासिक रूप से वंचित समुदायों में साक्षरता दर कम है।

2. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन सा स्थान है ? 1
3. मिश्रित अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं? 1
4. भारत में राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन कब किया गया ? 1
5. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्षीकरण किस संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया?1
6. जंमीदारी प्रथा का उन्मूलन कब किया गया ? 1
7. मिश्रित अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? 1
8. आज कौन सी दशायें संयुक्त परिवार में परिवर्तन उत्पन्न कर रहीं हैं ? 2
9. जनजाति को आत्मानिर्भर समुदाय क्यों कहा जाता है ? 2
10. 'अन्यथा सक्षम' शब्द का अभिप्रायः क्या है ? 2
11. अन्य पिछड़े वर्गों को अवशिष्ट श्रेणी क्यों कहा जाता है ? 2
12. जाति और जातिवाद में क्या अंतर है ? 2
13. उपनिवेशवाद ने किस तरह समाज–सुधार आंदोलन की प्रेरणा दी ? 2
14. संविदा खेती क्या है ? 2
15. उदारीकरण ने किस प्रकार भौतिकवाद में वृद्वि की है ? 2
16. मार्क्स और महात्मा गांधी दोनों मशीनीकरण को रोजगार के लिए खतरा क्यों मानते हैं ? 2
17. पारिस्थितिकी क्या है ? 2
18. भारत में जनसंख्या वृद्वि के कोई तीन कारण लिखिए ? 3
19. विशिष्ट नातेदारी और वर्गीकृत नातेदारी में अंतर स्पष्ट कीजिए ? 3

20. अस्पृश्य जातियां किन्हें कहा जाता है ? 3

अथवा

अनुसूचित जाति एवं जनजातियों की समस्याओं के समाधान हेतु सरकार द्वारा उठाएगए किन्हीं तीन प्रयासों का वर्णन कीजिए।

21. पितृसत्ता किसे कहते हैं? भारत में पितृसत्ता की प्रमुख समस्यायें कौन सी हैं ? 3
22. भारतीय समाज पर औद्योगीकरण के प्रभाव स्पष्ट कीजिए ? 3
23. संस्कृतिकरण व असंस्कृतिकरण में क्या अंतर है ? 3
24. मशीनें किस प्रकार कामगारों के लिए समस्या पैदा करती है ? 3
25. चिपको आंदोलन क्या है? पर्यावरण के विकास में यह किस प्रकार सहायक था ? 3
26. स्त्री पुरूष अनुपात का क्या अर्थ है ? गिरते हुए स्त्री–पुरूष अनुपात के प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए? 5

अथवा

जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख सिद्वान्तों की विवेचना कीजिए ?

27. भारत में हरित क्रांति के सामाजिक–आर्थिक प्रभावों की विवेचना कीजिए। 5

अथवा

ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भूमि–व्यवस्था से संबंध स्पष्ट कीजिए । स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में किये गये प्रमुख सुधारों की विवेचना कीजिए ?

28. सामाजिक आंदोलन से आप क्या समझते हैं? सामाजिक आंदोलन की विशेषताएं स्पष्ट कीजिए 5

अथवा

भारत में जनजातीय आन्दोलन के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।

29. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए

संस्कृति शब्द संबंधित समुदाय की नैतिकता मान्यताओं और जीवनशैली को दर्शाता है। अतः सांस्कृतिक समझ का अर्थ है विभिन्न संस्कृतियों के प्रति जागरूक होना। यह उस ज्ञान का आधार है जिससे हम अपने सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में सही तरीके से स्थान बना और उसे समझ सकें। सामाजिक और सांस्कृतिक समझ के माध्यम से हम अपने समाज में अधिक गहराई के साथ संवाद कर सकते हैं, विभिन्न सामाजिक समस्याओं को समझ सकते हैं और उनका समाधान ढूंढकर अपनी सामाजिक विरासत को संरक्षित कर सकते हैं। समय के साथ सांस्कृतिक जागरूकता का महत्व बढ़ता जा रहा है। सांस्कृतिक जागरूकता का अर्थ हैविभिन्न संस्कृतियों के गतिशील मूल्यों और मान्यताओं को समझना ।बेहतर अवसरों के साथ विभिन्न संस्कृतियों को समझना और उनका सम्मान करना । सांस्कृतिक जागरूकता की कमी महत्वपूर्ण निर्णयों को गुमराह कर सकती है।

(क) संस्कृति किसे कहते हैं? 1
(ख)सांस्कृतिक समझ संस्कृति का संरक्षण किस प्रकार कर सकती है ? 2
(ग) सांस्कृतिक जागरूकता का महत्व बताइये। 2